# मुख्यमंत्री ने एमएसएमई के लिए 30,826 करोड़ रुपये का मेगा ऋण वितरण किया, ओडीओपी के लिए टूल किट भी बांटे

# चीनी उत्पादों को हमने बाजार से दूर किया : योगी

## संबोधन

लखनऊ, विशेष संवाददाता। चीन के उत्पादों को हमने अपने मार्केट से बहुत दूर कर दिया है। यही हमारे एमएसएमई यूनिट्स की ताकत का परिणाम है। इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर हमारे घर का उत्पाद मार्केट में छा रहा है तो हमें भी उसे प्रोत्साहित करना होगा, प्रेरित कर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा। ये कितनी खुशी की बात है कि हमारा उत्पाद मार्केट में छा रहा है और दुश्मन देश का उत्पाद मार्केट से दूर होता जा रहा है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर यूपी के उत्पाद ही मार्केट में देखने को मिल रहे हैं। हमारा उत्पाद अच्छा तो होता ही है, साथ ही हमारे उद्यमियों और कारीगरों को भी लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है।

**मेगा ऋण वितरण:** इस दौरान उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ रुपये का मेगा ऋण वितरण किया। साथ ही उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को चेक वितरित किया। वहीं उन्होंने औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी शुभारंभ किया। सीएम योगी ने इस अवसर पर ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट भी बांटी।

**संपूर्ण मैपिंग कराए विभाग :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एमएसएमई विभाग को मार्केट की संपूर्ण मैपिंग कराते हुए डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देना होगा। इसके साथ ही प्रोडक्ट की पैकेजिंग पर भी खास ध्यान देना होगा। अगर हमने ये काम कर लिया तो प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को पूरे देश में छाने में बहुत देर नहीं लगेगी। इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएं।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली में जनसभा को संबोधित किया। स्थानीय सांसद-विधायक मौजूद थे।

### लाभार्थियों ने योगी का शुक्रिया अदा किया

मुख्यमंत्री के हाथों ऋण प्राप्त करने वाले लखनऊ के हामिद अली अंसारी ने बताया कि उन्हें प्लास्टिक मैनेजमेंट के लिए ऋण मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी वजह से मुझे अपना बिजनेस बढ़ाने में मदद मिली है। वहीं बाराबंकी के मोहम्मद इजहार ने कहा कि मुझे कोल्ड स्टोर के लिए लोन बिना किसी परेशानी के मिला है। इसके लिए मुख्यमंत्री का शुक्रगुजार हूं। मुख्यमंत्री के हाथों सिलाई मशीन टूलकिट प्राप्त करने वाली आशा कुमारी ने भी उनका विशेष आभार जताया।

## कांग्रेस, सपा और बसपा को मतदान कर वोट बर्बाद न करें : मुख्यमंत्री

फर्रुखाबाद/उन्नाव, हिटी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो सुरक्षा और रोजगार नहीं दे सकते उनको आपका वोट पाने का हक नहीं है। इसलिए कांग्रेस, सपा और बसपा को मतदान कर अपना वोट बर्बाद न करें। बुधवार को फर्रुखाबाद और उन्नाव में जनसभा के दौरान सीएम ने विरोधियों पर जमकर हमले किए। उन्होंने दोनों जिलों को 540 करोड़ की 205 परियोजनाओं की सौगात भी दी। फर्रुखाबाद के क्रिश्चियन इंटर कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित जनसभा में योगी ने कहा, कभी बीमारू राज्य रहा उप्र आज विकास की राह पर सरपट दौड़ रहा है। उन्नाव की जनसभा में सीएम ने कहा कि भाजपा सत्ता में है तो अयोध्या में रामलला का मंदिर बन गया।

## 'आस्था और आजीविका का केंद्र बना यूपी, सकारात्मक बदलाव हुए'

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सात साल में उत्तर प्रदेश में बड़े सकारात्मक बदलाव हुए हैं। यूपी आस्था और आजीविका का केंद्र बन गया है। पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य कहा जाता था लेकिन अब निवेशकों की पहली पसंद है।

बरेली कॉलेज ग्राउंड में बुधवार को 328.43 करोड़ की 64 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में प्रदेश के विकास की तस्वीर पेश कर चुनावी शंघनाद किया। उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि पहले राम का नाम लेने वालों पर गोलियां बरसाई जाती थीं, अब फूल बरसाए जाते हैं। प्रधानमंत्री की अगुवाई में भारत और यूपी के विकास को दुनिया महसूस कर रही है।